(c) Special recruitment for filling up these vacancies for SC/ST candidates is in progress.

टेलीफोन बिलों को माफ किया जाना

2005. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनेक टेलीफोन बिलों का नियमानुसार भुगतान न होने पर भी ये टेलीफोन काम कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है तथा इस संबंध में क्या नियम हैं ; और

(ग) गत दो वर्षों के दौरान सर्किल-वार कितने तथा कितनी धनराशि वाले टेलीफोन-बिलों को माफ किया गया है और टेलीफोन बिलों को माफ करने के संबंध में क्या नियम हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) कुछ टेलीफोन के बिलों का भुगतान न होने पर भी ये टेलीफोन काम कर रहे है क्योंकि—

(i) वे छूट-प्राप्त श्रेणी के अंतर्गत आते है ;

(ii) बकाया राशि, संबंधित एक्सचेंज प्रणाली के द्विमासिक किराए से कम अथवा उसके बराबर हैं ;

(iii) ग्राहक मंचो अथवा न्यायालय से प्राप्त स्थगन आदेश के कारण ।

(ग) विभागीय नियमो के अनुसार किसी टेलीफोन बिल को माफ नही किया जाता है ।

गुजरात में ग्रामीण टेलीफोन एक्सचेंज

2006. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में ग्रामीण टेलीफोन एक्सचेंज सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) गुजरात में ग्रामीण टेलीफोन एक्सचेंज से कितने टेलीफोनों के लिए मांग की गई तथा कितने टेलीफोन कनेक्शन दिए गए हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) जी नहीं, गुजरात में ग्रामीण एक्सचेंज संतोषजनक रूप से काम कर रहे हैं । तथापि वर्षा के दौरान ग्रामीण एक्सचेंजों से जुड़े कुछ ट्रंक जंक्शनों में खराबी उत्पन्न हो जाने के कारण टेलीफोन सेवायें अपेक्षाकृत लम्बे समय तक प्रभावित होती है । इन खराबियों को दूर करने के लिये तत्काल कार्रवाई की जाती है । इसके अतिरिक्त, पुरानी प्रौद्योगिकी के एक्सचेंजों में कभी-कभी यांत्रिक दोष उत्पन्न हो जाते हैं । जिन्हें तत्काल ठीक कर दिया जाता है ।

(ग) गुजरात मे (31-2-94 तक की प्रतीक्षा सूची) ग्रामीण एक्सचेंजों में दर्ज भागों की संख्या 19019 है और 31.1.94 की स्थिति के अनुसार आवंटित कनेक्शनों की संख्या 5858 है ।

टेलीफोनों की प्रतिष्ठापित क्षमता का उपयोग

2007. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में टेलीफोन की प्रतिष्ठापित क्षमता का पूर्ण-उपयोग नहीं किया जा रहा है ;